संख्या–3853/33–3–2018–10 जी.आई./2015

प्रेषक,

प्रवीण कुमार लक्षकार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन, उ0प्र0।

सेवा में,

1.समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
2. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) उ0प्र0।
3. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 30 अक्टूबर, 2018

विषयः जन योजना अभियान (People's Plan Campaign) पर कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–162 जी.आई./33–3– 2018–10/2015 दिनांक 10 सितम्बर, 2018 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जन योजना अभियान (People's Plan Campaign) अन्तर्गत दिनांक 02 अक्टूबर, 2018 से 31 दिसम्बर, 2018 के मध्य ग्राम पंचायत विकास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 की नियोजन प्रकिया प्रारम्भ करते हुए निर्दिष्ट प्रक्रिया को भारत सरकार की वेबसाइट gpdp.nic.in पर अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

नियोजन की प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने एवं समस्त विभागों के अभिसरण को प्रोत्साहित करने हेतु विभाग द्वारा **कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर** समस्त मुख्य विकास अधिकारी, मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) एवं जिला पंचायत राज अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

कार्यशाला का नाम	तिथि	स्थान	समय
"जन योजना अभियान अन्तर्गत समस्त मुख्य विकास अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम"	दिनांक 01 नवम्बर, 2018	प्रेक्षागृह, पंचायती राज निदेशालय लोहिया भवन, भूतल, पुरनिया, अलीगंज, लखनऊ	प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक

कार्यशाला में मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) द्वारा मिशन संबंधी प्रगति एवं उसकी निरंतरता बनाये रखने पर भी चर्चा की जायेगी। अतः उक्तानुसार आयोजित कार्यशाला में ससमय प्रतिभाग करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(प्रवीण कुमार लक्षकार)
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांकः– तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. विशेष सचिव एवं निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(प्रवीण कुमार लक्षकार)
विशेष सचिव।

Amit Sri.

Scanned by CamScanner